वर्ष- 3 , अंक- 90

छपरा

22 फरवरी रविवार 2026

पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com

E-Paper

website : www.dainikkhojkhabar.live

# राजस्थान की केमिकल फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जले, 4 गंभीर रूप से झुलसे

### अवैध रूप से बन रहे थे पटाखे, पॉलीथीन में इकट्ठे किए गए बॉडी पार्ट्स





**भिवाड़ी,एजेंसी।** राजस्थान के भिवाड़ी की केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं।

हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पार्ट्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्ठा किया। कलेक्टर अर्तिका शुक्ला ने कहा- देखकर लग रहा है कि छोटा एक्सप्लोसिव मटेरियल था। गैस रिसाव नहीं था।

एडीएम सुमिता मिश्रा के अनुसार, फैक्ट्री मालिक का नाम राजेंद्र है। उन्होंने किसी तिवारी को यह फैक्ट्री लीज पर दी थी। दोनों से संपर्क नहीं हो पाया है।

**एडीएम बोलीं- फैक्ट्री मालिक से संपर्क नहीं हो पाया** :एडीएम सुमिता मिश्रा ने बताया- फैक्ट्री मालिक का नाम राजेंद्र बताया जा रहा है।

### 4 गंभीर रूप से झुलसे, दिल्ली एम्स रेफर

भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा करौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे फैक्ट्री में जोरदार धमाके के बाद आग लग गई। इसमें 8 लोग जिंदा जल गए। गंभीर रूप से झुलसे 4 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। इसमें अनूप कुमार, जुन्नू, विवेक और मन्नू शामिल हैं। अनूप और जुन्नु 90 फीसदी तक झुलसे हैं। चारों को दिल्ली एम्स रेफर किया गया है।

### सीएम भजनलाल ने कहा- राहत, बचाव कार्य के निर्देश दिए गए



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- जिला प्रशासन को राहत व बचाव कार्य के निर्देश दिए हैं। भिवाड़ी के खुशखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री में आग लगने से हुई जनहानि का समाचार अत्यंत दु:खद है। जिला प्रशासन को राहत व बचाव कार्य के लिए निर्देशित किया है।ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राजस्थान के भिवाड़ी में आग लगने की घटना पर दुख जताया। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

**पीएमओ के सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा यह पोस्ट** – प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर दुख व्यक्त करते हुए लिखा कि राजस्थान के भिवाड़ी में आग लगने की घटना अत्यंत दु:खद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# जो भूल गए, उन्हें बताना है कि वे हिंदू हैं :मोहन भागवत

**गोरखपुर,एजेंसी।** RSS के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि जो लोग यह भूल गए हैं, उन्हें याद दिलाना है कि वे हिंदू हैं, ताकि हिंदू समाज संगठित होकर खड़ा हो सके। संघ हिंदू समाज की बात इसलिए करता है, क्योंकि इस देश में रहने वाला प्रत्येक व्यक्ति हिंदू है। हिंदू समाज मानता है कि हमारा रास्ता भी सही है और आपका भी। इस समाज में लोगों की रुचि के अनुसार अलग-अलग पंथ और संप्रदाय मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन लक्ष्य एक ही है। इस धारणा को मानने वाला समाज ही हिंदू समाज है। हिंदू नाम भारत के साथ जुड़ गया है, इसलिए इसी नाम से सनातन जागृत होगा। हमें अपना लक्ष्य पूरा करना है। संघ प्रमुख, रविवार को अपने प्रवास के दूसरे दिन गोरखपुर के योगिराज गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में प्रबुद्धजन संगोष्ठी को संबोधित करने पहुंचे थे।



**विश्व के पास समाज को सुख और शांति देने का कोई तरीका नहीं:** संघ प्रमुख ने कहा- हमारा राष्ट्र धर्मप्राण राष्ट्र है। धर्म हमारे आचरण का हिस्सा है। इसके लिए संस्कार की जरूरत थी। पीढ़ी दर पीढ़ी मानवी आदतें बनाई गई, यही संस्कार है। इससे ही संस्कृति बनी। इसी संस्कृति के आधार पर राष्ट्र का निर्माण हुआ।

**हिंदू शब्द एक संज्ञा नहीं बल्कि विशेषण है:** संघ प्रमुख ने कहा कि हिंदू शब्द एक संज्ञा नहीं बल्कि व्याकरण की दृष्टि से एक विशेषण है, जो गुणधर्म बताता है। यह सबको एक साथ चलाता है। समाज सहिष्णुता और समन्वयता से ही चलना चाहिए। अपने स्वार्थ के लिए नहीं, दूसरों के हित के लिए चलना ही भारतीय संस्कृति है। इस सत्य को पहचानने में ही हमें शाश्वत आनंद की प्राप्ति हुई।

# राजनाथ बोले: भारतीय सेना भगवान शंकर से प्रेरणा लेती है

### लोगों की मदद भी करती है और जरूरत पर ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई भी

**कोयंबटूर,एजेंसी।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना भगवान शिव से प्रेरणा लेती है। उन्होंने कहा कि जैसे भगवान शिव सुरक्षा और विनाश दोनों के प्रतीक हैं, वैसे ही आज हमारी सेनाएं निडरता और धैर्य दोनों रखती हैं। रक्षामंत्री ने कहा कि एक तरफ, वे संकट के समय शिव की भावना से मानवीय सहायता देते हैं, दूसरी तरफ, जब जरूरत होती है, तो वे रुद्र की तेजी से ऑपरेशन सिंदूर जैसे ऑपरेशन करते हैं। उन्होंने कहा कि चंद्रयान और आदित्य-रू जैसे भारत के स्पेस मिशन सिर्फ टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट नहीं हैं, बल्कि यह एक पुरानी साइंटिफिक विरासत का मॉडर्न एक्सप्रेशन है।



राजनाथ सिंह रविवार को ईशा फाउंडेशन के महाशिवरात्रि कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के साथ कुछ लोगों को सम्मानित भी किया।

# भुवनेश्वर में छत पर धमाका, सीसीटीवी में घटना कैद :पूरा परिवार मिलकर बम बना रहा था

### 4 लोग बुरी तरह झुलसे, दो की मौत

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के आजाद नगर में 27 जनवरी को एक घर की छत पर जोरदार धमाका हुआ। इसका CCTV फुटेज अब सामने आया है। जानकारी के मुताबिक, एक परिवार के 4 लोग छत पर बम बना रहे थे। इनमें दो महिलाएं और दो पुरुष थे।इसी दौरान अचानक ब्लास्ट हो गया। चारों लोग बुरी तरह झुलस गए थे। इनमें दो की मौत हो गई। पूरी घटना



CCTV कैमरे में कैद हो गई। इसमें दिखा की छत पर 4 पानी की टंकियां लाइन से रखी हैं। फिर टंकियों के पीछे अचानक से धमाका हुआ। साथ में धुएं का गुबार उठता नजर आया।

धमाका इतना तेज था कि आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पूरी घटना की जांच कर रही है।

## चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 7 अधिकारी सस्पेंड किए

### एसआईआर में लापरवाही-पावर के गलत उपयोग के आरोप

**नई दिल्ली/कोलकाता,एजेंसी।** चुनाव आयोग (ECI) ने पश्चिम बंगाल में 7 अधिकारियों को सस्पेंड किया है। सभी पर विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) में गंभीर लापरवाही, कर्तव्य की अनदेखी और वैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप है।आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को निलंबित अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने के निर्देश भी दिए। आयोग ने कहा है कि वोटर लिस्ट जुड़ा काम बहुत संवेदनशील है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अधिकारों के दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसी लापरवाही पर सख्त एक्शन जारी रहेगा।

### सस्पेंड किए अधिकारियों के नाम, पद

- डॉ. सेफाउर रहमान- सहायक निदेशक, कृषि विभाग एवं AERO, 56-समसेरगंज विधानसभा क्षेत्र, जिला मुर्शिदाबाद
- नितीश दास- राजस्व अधिकारी, फरक्का एवं AERO, 55-फरक्का विधानसभा क्षेत्र
- डालिया रे चौधरी- महिला विकास अधिकारी, मयनागुड़ी विकास खंड एवं AERO, 16-मयनागुड़ी विधानसभा क्षेत्र
- स्क. मुर्शिद आलम- सहायक कृषि निदेशक (ADA), सूती ब्लॉक एवं AERO, 57-सूती विधानसभा क्षेत्र
- सत्यजीत दास- संयुक्त BDO एवं AERO, 139-कैनिंग पूर्व विधानसभा क्षेत्र
- जॉयदीप कुंडू- FEO एवं AERO, 139-कैनिंग पूर्व विधानसभा क्षेत्र
- देबाशीष विश्वास- संयुक्त BDO एवं AERO, 229-देबरा विधानसभा क्षेत्र

## जम्मू-कश्मीर के डोडा में एवलांच, हिमाचल, उत्तराखंड में बर्फबारी के आसार

### म.प्र.-राजस्थान, पंजाब में बारिश की संभावना

**भोपाल/ लखनऊ/शिमला/ देहरादून, एजेंसी।** देश के हिमालयी इलाकों में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। आज से दो दिन हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, पंजाब-चंडीगढ़ में 17-18 फरवरी को बारिश हो सकती है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में रविवार शाम 5 बजे भद्रवाह-पठानकोट इंटर-स्टेट रोड पर एवलांच हुआ। यह थांथेरा और गुलदांडा के बीच था। यहां 40 से ज्यादा टूरिस्ट वाहन फंस गए थे, जिन्हें एक-एक कर निकाला गया।उत्तराखंड में गुंजी-आदि कैलाश मोटर मार्ग पर जमीं 10 फीट बर्फ को सीमा सड़क संगठन (BRO) ने हटाया। यहां तापमान -18डिग्री है। राज्य में कल से 5 जिलों उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

# हिमंता शूटिंग वीडियो मामला, सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

### कहा- अब लड़ाइयां चुनाव से पहले शुरू हो जाती हैं, ये ट्रेंड बन गया है

**नई दिल्ली,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाई कोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनावों से पहले ऐसे कई मामले सामने आते हैं। यह एक ट्रेंड बनता जा रहा है।

असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है।

**कांग्रेस ने सबसे पहले उठाया था वीडियो का मुद्दा :** दरअसल, 8 जनवरी को कांग्रेस ने दावा किया कि असम बीजेपी ङ्ग हैंडल से एक वीडियो पोस्ट किया गया जिसमें असम सीएम हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों को गोली मारते दिख रहे हैं।



कांग्रेस ने कहा कि ये वीडियो अल्पसंख्यकों की टार्गेटेड पॉइंट-ब्लैंक हत्या को बढ़ावा देने जैसा है। कांग्रेस का दावा है कि वीडियो डिलीट कर दिया गया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के ङ्ग हैंडल पर दिख रहे वीडियो में नजर आ रहा है कि असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा कथित तौर पर एक राइफल से निशाना साधते और दो लोगों पर गोली चलाते हुए दिख रहे थे। निशाने में दिख रही तस्वीर में एक ने टोपी पहनी थी और दूसरे की दाढ़ी थी। इसका कैप्शन पॉइंट-ब्लैंक शॉट था।श्रीनेत के शेयर किए गए वीडियो में असम की भारतीय जनता पार्टी का ङ्ग अकाउंट नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने लिखा- यही है असली बीजेपी: सामूहिक हत्यारे। यह जहर, नफरत और हिंसा आप पर है, मिस्टर मोदी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालतें और अन्य संस्थाएं सो रही हैं?

# अमिताभ बच्चन की दमदार आवाज के साथ दिखी भैरव बटालियन की ताकत, सेना ने जारी किया वीडियो

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारतीय सेना की ओर से जारी किए गए इस वीडियो में सदी के महानायक अमिताभ बच्चन की दमदार आवाज में भैरव बटालियन का ताकत बताई गई है। वीडियो में अमिताभ बच्चन को कहते सुना जा सकता है कि न कोई आहट, न कोई छाया, न कोई संकेत, न कोई काया...। मैं काल नहीं, काल का विधान, भैरव नाम नहीं, पहचान।

रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय के अतिरिक्त जन सूचना महानिदेशालय के आधिकारिक हैंडल से अमिताभ बच्चन के प्रति आभार व्यक्त किया गया। संदेश में कहा गया कि फिल्म के लिए अपनी प्रतिष्ठित आवाज देने पर सेना उनकी आभारी है।



**भगवान शिव का उग्र रूप कहलाता है भैरव :** फिल्म का विमोचन महाशिवरात्रि के दिन किया गया, जिसे प्रतीकात्मक माना जा रहा है। भैरव को भगवान शिव का उग्र स्वरूप माना जाता है, जो सुरक्षा और बुराई के विनाश से जुड़ा है। भैरव बटालियन को पैरा स्पेशल फोर्स और नियमित इन्फैंट्री इकाइयों के बीच तैनात किया गया है। इस बटालियन का गठन आधुनिक युद्ध की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है, ताकि दुश्मन के खतरों के खिलाफ तेज और सटीक आक्रामक कार्रवाई की जा सके।

### आधुनिक युद्ध चुनौतियों से निपटने के लिए बनी बटालियन

भैरव, भारतीय सेना की नवीनतम विशेष बल इकाई है, जिसे आधुनिक युद्ध की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया जा रहा है। इसके सभी ऑपरेटिव ड्रोन संचालन में सक्षम हैं और वास्तविक अभियानों में दुश्मन के ठिकानों और संरचनाओं को निशाना बनाने की क्षमता रखते हैं।

सेना मुख्यालय द्वारा अब तक ऐसी लगभग 15 भैरव बटालियनें खड़ी की जा चुकी हैं, जिन्हें दोनों सीमाओं पर विभिन्न संरचनाओं में तैनात किया गया है।

## टीपू और शिवाजी की तुलना पर बवाल: भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प, नौ घायल

**पुणे,एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे में रविवार को उस समय भारी तनाव फैल गया जब विपक्षी दल के कार्यालय के बाहर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। विवाद की जड़ कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल की वह टिप्पणी है, जिसमें उन्होंने मैसूर के शासक टीपू सुल्तान की तुलना छत्रपति शिवाजी महाराज से की थी। इस टिप्पणी के विरोध में आयोजित प्रदर्शन ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दोनों ओर से जमकर पथराव हुआ। संयुक्त पुलिस आयुक्त रंजन कुमार शर्मा के अनुसार, इस झड़प में दो पुलिसकर्मियों, दो मीडियाकर्मियों सहित तीन कांग्रेस और दो भाजपा कार्यकर्ता मामूली रूप से घायल हुए हैं। विवाद की शुरुआत तब हुई जब मालेगांव महानगरपालिका में टीपू सुल्तान का चित्र लगाए जाने पर हो रहे विरोध के बीच हर्षवर्धन सपकाल ने एक बयान दिया।

# चिंताजनक: जलवायु संकट की चिंता को लेकर युवाओं में बढ़ रहा आक्रोश

### 94 फीसदी भविष्य को लेकर चिंतित

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन अब सिर्फ पर्यावरणीय चुनौती नहीं रह गया है, बल्कि यह युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर डालने वाली वैश्विक समस्या बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की ताजा रिपोर्ट और भारत में किए गए जनमत सर्वेक्षण से सामने आया है कि ईको एंजायटी यानी जलवायु से जुड़ी चिंता 21वीं सदी की पहली पीढ़ी के बीच तेजी से फैल रही है। दुख, निराशा, असहायता और गुस्से जैसी भावनाएं युवाओं में आम होती जा रही हैं, जबकि 94 प्रतिशत युवाओं ने माना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वे अपने भविष्य को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं।

यूएनईपी ने अपनी रिपोर्ट नेविगेटिंग न्यू होराइजंस : ए ग्लोबल फोरसाइट रिपोर्ट ऑन प्लेनेटरी हेल्थ एंड ह्यूमन वेलबींग में चेताया कि दुनियाभर में युवाओं के बीच ईको एंजायटी एक उभरता हुआ संकट बन चुकी है। इसे क्लाइमेट ग्रीफ या जलवायु से जुड़ा दुख भी कहा जाता है, जो पर्यावरणीय क्षरण और जलवायु परिवर्तन से पैदा होने वाले खतरों की प्रतिक्रिया है। डाउन टू अर्थ ने अक्टूबर-नवंबर 2025 के दौरान 16 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 300 से अधिक युवाओं के बीच जनमत सर्वेक्षण किया।

इसमें 88 प्रतिशत प्रतिभागियों ने कहा कि वे अपने आसपास जलवायु में बदलाव महसूस कर रहे हैं, जबकि 67 प्रतिशत ने माना कि ये बदलाव उनके रोजमर्रा के जीवन और जीवनशैली को पहले ही प्रभावित कर चुके हैं। अध्ययन यह भी संकेत देते हैं कि पिछले 25 वर्षों में जन्मी पीढ़ी ने शायद कभी सामान्य जलवायु का अनुभव ही नहीं किया। हीटवेव, चक्रवात और बाढ़ जैसी चरम घटनाएं अब सामान्य होती जा रही हैं, और युवा इन्हें पहले से कहीं अधिक तीव्रता से महसूस कर रहे हैं।

**36 फीसदी खाद्य गुणवत्ता में बदलाव को लेकर डरे :** सर्वेक्षण में युवाओं से पूछा गया कि वे किन संकेतों को जलवायु परिवर्तन से जोड़ते हैं। दो-तिहाई से अधिक उत्तरदाताओं ने बढ़ते तापमान और असमय गर्मी या वर्षा को इसका प्रमुख संकेत माना। लगभग 40 प्रतिशत ने धुंध या कोहरे भरे दिनों को, 36 प्रतिशत ने खाद्य गुणवत्ता में बदलाव को और 32 प्रतिशत ने कीट-पतंगों की बढ़ती संख्या को जलवायु परिवर्तन से जोड़ा। 38 प्रतिशत युवाओं ने अत्यधिक ठंड को भी इसका एक लक्षण बताया।



**असर सभी पर, लेकिन गरीबों पर सबसे ज्यादा :** जब युवाओं से पूछा गया कि क्या जलवायु परिवर्तन का असर अलग-अलग आर्थिक वर्गों पर अलग तरह से पड़ता है, तो 61 प्रतिशत ने कहा कि यह अमीर, गरीब और मध्यम वर्ग सभी को समान रूप से प्रभावित करता है। लैंगिक आधार पर राय लगभग एक जैसी रही। करीब 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना था कि जलवायु परिवर्तन पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से प्रभावित करता है।

**चिंता, असहायपन और डर : युवाओं पर भावनात्मक बोझ :** जलवायु संकट का भावनात्मक असर सर्वेक्षण में साफ झलकता है। प्रतिभागियों को अपनी भावनाएं चुनने के लिए छह विकल्प दिए गए...डरा हुआ और उदास, चिंतित, गुस्सा, असहाय, ठगे हुए और उदासीन। 57 प्रतिशत युवाओं ने खुद को चिंतित, 54 प्रतिशत ने असहाय और 43 प्रतिशत ने डरा हुआ और उदास बताया। कई युवाओं ने गुस्से और ठगे जाने की भावना भी व्यक्त की।भविष्य को लेकर आशंकाएं भी गहरी हैं। करीब 53 प्रतिशत युवाओं को डर है कि जलवायु परिवर्तन से बीमारियां बढ़ेंगी, एक-तिहाई से अधिक ने खाद्य संकट की आशंका जताई और 45 प्रतिशत ने जल संकट को लेकर चिंता जताई। कुल मिलाकर 94 प्रतिशत युवाओं ने कहा कि जलवायु परिवर्तन उनके भविष्य को लेकर उन्हें परेशान करता है, जबकि आधे प्रतिभागियों ने सरकारी कार्रवाई को निराशाजनक करार दिया।

### विशेषज्ञों की राय : युवाओं की चिंता पूरी तरह जायज

विशेषज्ञ मानते हैं कि युवाओं की यह प्रतिक्रिया अस्वाभाविक नहीं है। क्लाइमेट एंजायटी पर बड़े अंतरराष्ट्रीय अध्ययन की सह-लेखिका और यूनिवर्सिटी ऑफ बाथ से जुड़ी कैरोलिन हिकमैन कहती हैं, हमारे बच्चों की चिंता पूरी तरह जायज है, क्योंकि वे सरकारों की ओर से जलवायु परिवर्तन पर अपर्याप्त प्रतिक्रिया देख रहे हैं। उनके अनुसार बच्चे और युवा अब दुनियाभर में संगठित हो रहे हैं और सरकारों को अदालतों में चुनौती दे रहे हैं, यह तर्क देते हुए कि जलवायु संकट पर कार्रवाई न करना मानवाधिकारों का उल्लंघन है।

# सोनपुर में मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा के पांचवे दिन 94 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित



**मैट्रिक परीक्षा में दोनों पालियो में कुल 6858 परीक्षार्थी ने दी परीक्षा**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर में मैट्रिक परीक्षा के पांचवे दिन प्रथम पाली व दूसरी पाली में विज्ञान की परीक्षा हुई। सोनपुर में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कड़ी चेकिंग तथा सख्ती के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सोनपुर अनुमंडल पदाधिकारी सगिंधा नेहा ने शनिवार को बतायी कि परीक्षा भवन में पहुंचने से पूर्व सभी परीक्षार्थियों को गहन जांच पड़ताल करने के बाद ही परीक्षा कक्ष में जाने की इजाजत दी गई.एसडीओ ने बताया कि सोनपुर के 7 परीक्षा केंद्रों में कुल प्रथम पाली में 3542 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था जिसमें 3508 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वही दूसरी पाली में 3410 में से 3350 परीक्षार्थी उपस्थित हुई जबकि 60 परीक्षार्थी अनुपस्थित रही। दोनों पालियो में 6952परीक्षार्थी को उपस्थित होना था जिसमें 6858 परीक्षार्थी उपस्थित रहे कुल 94 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमे प्रथम पाली में नयागांव गूगल सिंह हाई स्कूल 955/942 दुतिये पाली में 773/759 पुरुष परीक्षार्थी ने परीक्षा दी है जबकि शिशु संघ --432 / 429 दुतिये पाली में 309 /307 महिला परीक्षार्थी परीक्षा दी वही हैरिटेज पब्लिक स्कूल सोनपुर - 497/496 ,दुतिये पाली में 592/586 ,वही रामसुंदर दास महिला कॉलेज --524/519 दुतिये पाली में 455/450 जबकि एसपीएस सेमिनरी स्कूल -408 /401 , दुतिये पाली में 437/417 वही कन्या हाई स्कूल पहाड़ीचक- 347 /344, दुतिये पाली में 384/380 वही शिव दुलारी हाई स्कूल -379/377 , दुतिये पाली में 460/451 परीक्षार्थी ने परीक्षा दी है।

**सोनपुर के 7 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न हुआ।**

पांचवे दिन विज्ञानं के परीक्षा होने के कारण परीक्षा भवन से निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों को सभी प्रश्नों को उत्तर देने में थोड़ी दिमागी मेहनत करने के बाद पूछे गए प्रशन के उत्तर दिए। प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर औचक निरीक्षण करते रहे. मैट्रिक की परीक्षा बिल्कुल शांतिपूर्ण माहौल में पांचवे दिन संपन्न हुआ।

## खानपुर बाजार में चाय दुकानदार पर चाकू से हमला, पीएमसीएच रेफर

**आपसी विवाद में वारदात, डेरनी थाना पुलिस जांच में जुटी**

**दरियापुर (सारण)।** डेरनी थाना क्षेत्र के खानपुर बाजार में शनिवार की देर शाम आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान एक चाय दुकानदार पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद बाजार में अफरातफरी मच गई।जानकारी के अनुसार, खानपुर बाजार स्थित अपनी दुकान पर बैठे चाय दुकानदार मुखिया मांझी का कुछ लोगों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला बढ़ गया और आरोपित ने चाकू से वार कर दिया। हमले में दुकानदार लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल इलाज के लिए दिघवारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया।

## सोनपुर मे 5 हजार के करीब अपात्र राशन कार्डधारीयो के कटेगे नाम

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड अन्तर्गत ग्रामीण व नगर पंचायत के जन वितरण दुकान से जुडे लगभग 5 हजार राशनकार्ड अपात्र पाये गये है।जिन्हे अनुमंडल पदाथिकारी सोनपुर द्वारा चिन्हित कर कार्यालय के माध्यम से पंचायत स्तर पर नोटिस भेजा गया है तथा उक्त नोटिस को संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव को उपलब्ध करा आवश्यक दिशा-निर्देश दी गयी है। जहाँ पंचायत सचिव द्वारा पंचायत भवन परिसर पर संदिग्ध राशनकार्ड धारी के नाम दीवालों पर चिपकाया गया है। बिहार सरकार खाध आपूर्ति बिभाग पटना द्वारा केन्द्र से प्राप्त कराये गये अपात्र वैसे राशनकार्ड धारीयो की संदिग्ध सूची उपलब्ध करायी गयी है जो किसी कंपनी या फार्म का निर्देशक है. (2) पीएम किसान निधी का लाभार्थी (3) वार्षिक आय एक लाख बीस हजार से ऊपर (4) तीन या चार पहिया वाहन किसी भी सदस्य के नाम पर है उनको चिन्हित कर वैसे राशन कार्ड धारियों को नोटिस जारी किया गया है।इससे लगभग सत्ताईस हजार से जुडे राशन कार्ड के सदस्य जिनका नाम राशन कार्ड मे दर्ज है उन सभी का नाम नोटिस का संतोषजनक जबाव एक सप्ताह के अंदर नही मिलने पर कार्ड रद्द कर राशन या अन्य मिल रहे लाभ से वंचित कर दिया जायगा। यह आदेश अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा जारी किया गया है. इनमे वैसे भी अधिकांश लोग शामिल है जो राशन कार्ड के मानक के विरुद्ध कार्ड बना कर राशन का उठाव कर रहे है।विभाग द्वारा सभी अपात्र राशन कार्ड धारियो का जाच पडताल जारी है.अपात्र पाये जाने पर नियम संगत कारवाई होगी। नगर परिषद क्षेत्र में कुल 332 संदिग्ध राशन कार्ड पाये गए जबकि ग्रामीण में 4618 है. जहां शहरी क्षेत्र के प्रति व्यक्ति के वार्षिक आय 600000 छ लाख रूपये वही ग्रामीण क्षेत्र के 1,20,000/- से ऊपर के वार्षिक आये वाले लोगो के राशन कार्ड मानक के अनुसार संदिग्ध पाये गए है। सोनपुर एसडीओ ने आदेश निर्गत किया है कि जिन लोगों को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सोनपुर से राशन कार्ड हेतु अपात्र का कारण बताते हुए राशन कार्ड रद्द करने हेतु प्राप्त अनुशंसा में किसी प्रकार का दावा/आपत्ति हो तो उसे प्रखंड आपूर्ति कार्यालय/अनुमंडल कार्यालय में 07 दिनों के अन्दर आवेदन करेंगें।अगर आपके द्वारा कोई जबाव नहीं दिये जाने पर एक सप्ताह के पश्चात आपके राशन कार्ड को रद्द कर दिया जायेगा।

## घर से 48 वर्षीय व्यक्ति लापता, थाने में प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मढ़ौरा थानाक्षेत्र के देव बहुआरा गांव से एक 48 वर्षीय व्यक्ति के अचानक लापता हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद भी जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देव बहुआरा निवासी बच्चा प्रसाद ने थाने में आवेदन देकर बताया कि उनके पुत्र रंजीत उर्फ प्रशांत कुमार मंगलवार की रात खाना खाने के बाद घर के दरवाजे पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान वे अचानक कहीं चले गए। परिजनों को प्रारंभ में लगा कि वे नगरा बाजार या किसी परिचित के यहां गए होंगे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर चिंता बढ़ गई। इसके बाद परिजनों ने आसपास के गांवों व रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, किंतु उनका कोई पता नहीं चल सका। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुअनि अनिता सिंहा द्वारा अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस लापता व्यक्ति की तलाश में संभावित स्थानों पर छानबीन कर रही है।



## प्रभु राम के आदर्शों को अपनाने की जरूरतङ्क चित्राली उपाध्याय



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** इस देश के हिन्दुओं ने कभी काटने का नहीं जोड़ने का काम किया है।सनातन का झंडा बहुत मजबूत है।चाणक्य, अशोक सम्राट जैसे महापुरूषो के हम वंशज हैं। उक्त बातें अमनौर प्रखण्ड के सरायबक्स रामजानकी मठ मंदिर के परिसर में शनिवार को आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते बजरंग दल के संयोजक राहुल मेहता ने कहीं।उन्होंने कहा कि सभी हिन्दु भाई सहोदर भाई हैं।आज हिन्दू भाई ईसाई धर्म कबूल कर रहे हैं। आज सभी लोग पहले अपने आचरण को सुधारने का काम करें। सनातनी चित्राली उपाध्याय ने कहा कि सनातन का अर्थ है शाश्वत।राम हमारे सनातन धर्म की पहचान है राम हमारे सांस्कृतिक विरासत है राम हमारे आदर्श हैं। आज सभी लोगों को राम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत है।बलिराम तिवारी ने कहा कि हमारा धर्म पूर्णत~ वैज्ञानिक है।अपने ग्रंथ को पढ़ें और अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं।मुरारी स्वामी ने कहा कि सनातन धर्म वो धर्म है जो हम वृक्षो को माता के रूप में पूजते हैं। सनातन धर्म सबसे पुराना धर्म हैं। सम्मेलन को मुख्य रूप से संत शत्रुघ्न दास जी महाराज, रविन्द्र नाथ पाण्डेय आदि ने संबोधित किया।अध्यक्षता मुरारी स्वामी मंच संचालन पत्रकार राजेश उपाध्याय व धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक रासबिहरी पाण्डेय ने किया।इस मौके पर हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ भी किया गया।इस कार्यक्रम में प्रवीण कुमार उर्फ सोनू सिंह, शैलेश कुमार, मन्नू सिंह, दिलीप ब्याहुत, रूपेश सिंह, नीरज दूबे आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## बाकरपुर सब्जी मंडी से बाइक चोरी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** सोनपुर के सबसे मशहूर सब्जी मंडी बाकरपुर बाजार से दिनदहाड़े बाइक चोरी की घटना ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। महज कुछ मिनटों में चोरों ने खड़ी स्प्लेंडर बाइक गायब कर दी और किसी को भनक तक नहीं लगी। आकिलपुर निवासी कुन्दन कुमार (पिता स्व. शत्रुहन सिंह) सुबह में सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने पहुंचे थे। उन्होंने अपनी काले-नीले रंग की स्प्लेंडर बाइक दुकान के पास खड़ी की और खरीदारी में व्यस्त हो गए। लौटने पर बाइक अपने स्थान से गायब मिली। पहले तो उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी। घटना की सूचना सोनपुर थाना को दी गई, जहां पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस बाजार क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच और संदिग्धों की तलाश में जुटी । सब्जी विक्रेता एवं सब्जी खरीदारी करने वाले लोगों ने कहा कि जब मंडी में पैसे की वसूली होती है तो फिर समानों व लोगो के सुरक्षा के दृष्टि से जगह-जगह सीसीटीवी कैमरा लगाने की जरूरत है.वही स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में गश्ती और निगरानी व्यवस्था मजबूत करने की जरूरत है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## विधायक के प्रयासों से रिविलगंज सिताबदियारा पीपा पुल का रास्ता साफ




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** रिविलगंज के निवासियों के लिए आज एक बेहद खुशी और गर्व का दिन है। विधायक श्रीमती छोटी कुमारी के सतत प्रयासों और विधानसभा में प्रखरता से उठाए गए सवालों का परिणाम रंग लाने लगा है। छपरा की जनता की लंबे समय से लंबित रिविलगंज से सिताबदियारा के बीच पीपा पुल के निर्माण की मांग अब वास्तविकता बनने की ओर अग्रसर है। विधायक ने इस पूल निर्माण के लिए सदन में मजबूती से पक्ष रखा था कि इस पुल के बनने से रिविलगंज और सिताबदियारा के बीच की 40 किलोमीटर की दूरी सिमटकर मात्र 15 किलोमीटर रह जाएगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि आम जनता, किसान और छात्र अब साइकिल और रिक्शा के माध्यम से भी आसानी से आ-जा सकेंगे। विधानसभा सत्र के दौरान द्वारा पूछे गए तारांकित प्रश्न के उत्तर में बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग ने आधिकारिक पुष्टि की है कि पीपा पुल निर्माण हेतु आवश्यक तकनीकी प्राक्कलन विभाग को प्राप्त हो चुका है। विभाग ने संसाधन और प्राथमिकता के आधार पर इस पर अग्रतर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जन शिक्षण संस्थान सोनपुर का मिनिस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप के संयुक्त सचिव ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मानसी सहाय ठाकुर, आईएएस, ज्वांइट सेकेट्री, मिनिस्ट्री ऑफ़ स्किल डेवलपमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप, भारत सरकार द्वारा जन शिक्षण संस्थान गाँधी आश्रम सोनपुर मे पहुंची.उनके साथ बिहार के ऋष्ठस्ष्ठश्व के ज्वाइंट डायरेक्टर आर सी मंडल , अभिषेक कुमार, डिप्टी डायरेक्टर, ह्रश्चद्ब (ड्ड), पटना एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। जहाँ संस्थान के निदेशक संजय कुमार दुबे सहित संस्थान के कर्मियों ने स्वागत किया. संस्थान निदेशक ने सभी पदाधिकारी को प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने जन शिक्षण प्रणाली के कार्य प्रणाली को बारीकी से निरीक्षण करते हुए जन शिक्षण संस्थान में चल रही कार्य प्रणाली में ब्यूटी कल्चर असिस्टेंट ट्रेड,असिस्टेंट ड्रेस मेकर ट्रेड,असिस्टेंट कंप्यूटर ऑपरेटर के ट्रेड में मानसी सहाय ठाकुर ,मैडम द्वारा निरीक्षण किया गया.जहाँ सभी ट्रेड से संबंधित बच्चों से तथा क्लास टीचर से बातचीत की. जन शिक्षण संस्थान सोनपुर में निरीक्षण के दौरान उन्होंने संस्थान के क्रिया कलापों को सराहना करते हुए साफ सफाई से काफी प्रसन्न हुई. संस्थान के निदेशक संजय कुमार दुबे ने शनिवार को बताया कि मानसी सहाय ठाकुर ,मैडम के आने से जन शिक्षण संस्थान के सारे स्टाफ, टीचर तथा सारे बच्चों को एक मोटिवेशन मिला.इस प्रकार मोटिवेशन से संस्थान को कार्य करने और स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण देने में और संस्थान को आगे बढ़ाने का मोटिवेशन मिला जिससे समाज के बीच काम करने में ज्यादा रुचि होगा।




## राजेन्द्र कॉलेज में वित्तीय साक्षरता पर ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स राजेंद्र कॉलेज छपरा में वित्तीय साक्षरता पर पैनल डिस्कशन का प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली डिपार्टमेंट ऑफ़ कॉमर्स दिल्ली स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली के प्रो अमित कुमार सिंह और म्युचुअल फंड्स ऑफ़ इंडिया संगठन के सीनियर कंसल्टेंट सूर्यकांत शर्मा ने अपना की नोट लेक्चर दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जेपीविवि के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई ने की जबकि स्वागत भाषण प्राचार्य प्रो उदय शंकर पांडेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री कॉमर्स विभागाध्यक्ष डॉ अर्चना उपाध्याय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में यूपी, बिहार, उत्तराखंड, झारखंड, दिल्ली ,मध्य प्रदेश के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय पीजी विभाग के हेड व डीन डॉ कृष्ण कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने निवेश के कई तरीकों पर प्रकाश डाला तथा पीपीएफ ,सुकन्या समृद्धि योजना ,निफ़्टी इंडेक्स, इमरजेंसी फंड टर्म इंश्योरेंस जैसे कई उदाहरण देते हुए अपनी बातों को रखा।सीनियर कंसल्टेंट संगठन का म्युचुअल फंड्स ऑफ़ इंडिया सूर्यकांत शर्मा ने निवेश करने के बारे में सभी को जागरूक किया और रिस्क और रिटर्न के बीच कैसे बैलेंस बनाएं आदि को बताया। उन्होंने आरबीआई रिटेल डायरेक्ट म्युचुअल फंड , एसआईपी,अंब्रेला हेल्थ इंश्योरेंस जैसे कई निवेश के साधनों पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में राजेंद्र कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स से डॉ जीवाकर हैदर, डॉ कृष्ण लाल, डॉ मनीष कुमार सिंह, डॉ मनोहर कुमार मिश्रा, साइकोलॉजी डिपार्मेंट से डॉ नेहा दुबे, डॉ नीतू सिंह, डॉ चंदा कुमारी ,डॉ नीतू सिंह ,डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह डॉ अमरेंद्र कुमार डॉ परेश कुमार ,डॉ राकेश कुमार सिंह आदि शामिल हुए।




## जन शिक्षण संस्थान सोनपुर में मनायीं गयी मातृभाषा दिवस

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन जन शिक्षण संस्थान गांधी आश्रम में शनिवार को धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम मनाने का मुख्य उद्देश्य मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और उनके महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना । इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षकों एवं शिक्षार्थियों ने हिंदी, भोजपुरी सहित विभिन्न मातृभाषाओं में कविता, भाषण और विचार प्रस्तुत किए। संस्थान के निदेशक संजय कुमार दुबे ने कहा कि मातृभाषा न केवल हमारी पहचान है, बल्कि यह शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक एकता का मजबूत आधार भी है। मातृभाषा में शिक्षा से बच्चों की समझ और रचनात्मकता का बेहतर विकास होता है। उन्होंने यह भी बताया कि अपनी मातृभाषा को सम्मान करना चाहिए और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए।हमारी मातृभाषा ही हमारी पहचान है और मातृभाषा ही संस्कृति का आधार है। अपनी मातृभाषा को बोलने में कभी संकोच नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों की जननी है.हमें अपने मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए और अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। वही कल्पना कुमारी ने कहीं कि वैश्वीकरण के दौर में कई भाषाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं, ऐसे में मातृभाषाओं को जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी मातृभाषा के सम्मान और उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में संस्थान के सदस्य में संतोष सिंह,पंकज कुमार, धर्मराज,पूनम कुमारी ,अनुपम एवं सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## स्मैक व गांजा के साथ नबीबुल्लाह मियां समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के मिस्करही में पुलिस ने छापेमारी कर स्मैक और गांजा के तस्करी में संलिप्त तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं चार तस्कर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार तस्करों की तलाशी के दौरान पुलिस द्वारा 4.5 किलो गांजा, 143 पुड़िया (11.4 ग्राम) स्मैक, चार मोबाइल और 6500 रुपये जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार लोगों से पुलिस ने पूछताछ कर मादक पदार्थ की तस्करी में जुड़े नेटवर्क का पता लगा रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरी कुमारी ने कहा कि फरार लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। शीघ्र उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मादक पदार्थों के विरुद्ध पुलिस की एक टीम बनाकर कार्रवाई की जा रही है। बहुत जल्द क्षेत्र में इसे नेस्तनाबूद कर दिया जाएगा। एसडीपीओ ने बताया कि मैरवा थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मिस्करही गांव में छापेमारी कर गांजा और स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। इनमें मैरवा थाना क्षेत्र के मिस्करही के राजू अली और नबीबुल्लाह मियां तथा सारण जिला के कोपा थाना क्षेत्र के भरटोली निवासी मिथुन राजभर शामिल हैं। पुलिस को राजू अली के पास से 4.5 किलोग्राम गांजा एक मोबाइल फोन 1800 रुपये नकद मिले हैं। वहीं इसी गांव के नबीबुल्लाह मियां के पास से 60 पुड़िया स्मैक, एक मोबाइल फोन और तीन हजार रुपये मिले हैं। सारण के कोपा क्षेत्र के भटोली निवासी मिथुन राजभर के पास से 83 पुड़िया स्मैक एक मोबाइल फोन और नकद 1700 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है।



## मांझी हाल्ट के समीप शव बरामदगी मामले में एफआईआर दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** छपरा बलिया रेलखंड के मध्य स्थित मांझी हाल्ट के समीप से सिसवन थाना क्षेत्र के कचनार गांव निवासी मुकेश शर्मा की गुरुवार की रात बरामद शव के मामले में मृतक की पत्नी नीलम कुंमारी ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर अपने पति की अज्ञात अपराधियों द्वारा हत्या कर के साक्ष्य मिटाने की नियत से शव को रेल पटरी पर रख दिये जाने की बात कही है। आवेदन में मृतक की पत्नी नीलम कुमारी ने कहा है कि मेरे पति एमआर का काम करते थे। प्रतिदिन की तरह 18 फरवरी को भी अपने घर से हीरो स्प्लेंडर बाइक से छपरा सिवान एवं दूर ग्रामीण क्षेत्र में दवा का बकाया पैसा वसूल कर घर आ रहे थे। इसी बीच अज्ञात अपराधियों द्वारा मेरे पति की हत्या कर साक्ष्य मिटाने की नियत से मांझी पुरानी रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन पर रख दिया गया। मेरे पति की हत्या की सूचना मांझी पुलिस के द्वारा मुझे दी गई।सूचना मिलने के बाद जब मैं अपने रिश्तेदारों के साथ मांझी पहुँची तो मेरे पति का शव रेलवे लाइन पर पड़ा था। मेरे पति द्वारा बकाया राशि वसूल कर लौटने के दौरान अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा हत्या कर दिया गया है। मेरे पति के द्वारा मुझे चालीस हजार रुपया भेजा गया था।आवेदन मिलने के बाद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## बिजली चोरी के आरोप में 4 उपभोक्ताओं पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सहायक विद्युत अभियंता शंभू कुमार के निर्देश में विधुत विभाग के कर्मी सुजीत कुमार ,ओमप्रकाश ,नरेंद्र कुमार व मानव बल द्वारा चोरी से बिजली जलाने के लेकर छापेमारी की गई। इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विधुत अभियंता रुपेश कुमार ने शनिवार को बताया कि गोविन्द चक व रहीमपुर, परमान्दपुर, इस्माइल चक गांव में छापामारी के दौरान 4 लोगों को बिजली चोरी करते रंगे हाथों पकड़े गए हैं. जिसमें

1- अजीत कुमार राय पिता बिगन राय घर रहीमपुर वार्ड 3 परमान्दपुर के यहां विद्युत बकाया ? 23134 /- था इन्होंने मेंन सर्विस तार मीटर से पहले तार को टाइपिंग कर अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए इससे विभाग को 29557 की क्षति हुई है। इनके ऊपर कुल ? 52691 / -( बाबन हजार छौ सौ एकानवे रूपये ) की वसूली करनी है -

2 शिवनाथ राम पिता स्वर्गीय दमरी राम घर शिवपुर वार्ड 11 परमान्दपुर के यहां ? 14928 /- बकाया राशि था. जहां मीटर की उपमार्ग कर दूसरे वायर के द्वारा अवैध रूप से विद्युत का उपयोग कर रहा था.इससे विभाग को ? 14928 /- रुपए की क्षति हुई है. इनके ऊपर कुल ? 29300 /- की रुपए की वसूली करने के लिए सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है।

3-- चंद्रभूषण मिश्रा पिता स्वर्गीय तारकेश्वर मिश्रा घर परमानंदपुर वार्ड 9 उनके यहां ? 9861/- रुपया बकाया था इन्होंने अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए इससे विभाग को 31224 की क्षति हुई है.इनके ऊपर कुल ?41085 /- क्षतिपूर्ति करने के लिए सोनपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है.

4-- आशीष पांडे पिता चंदेश्वर पांडे घर इस्माइल चक, वार्ड 7 उनके यहां बकाया राशि ?14445/- रुपया था जहां अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए. इससे विभाग को ?5915/- रुपया की क्षति हुई है। इनके ऊपर कुल ?20360/- की क्षतिपूर्ति करने के लिए सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है। कनीय विद्युत अभियंता रुपेश कुमार ने शनिवार के शाम बताया कि बिजली चोरी करने के आरोप में कुल 4 लोगों के ऊपर प्राथमिक की दर्ज की गई है.बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## परीक्षा दे कर लौट रहे एक छात्र को अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू मारकर किया जख्मी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी नगर पंचायत मे स्थित इंटर कॉलेज से शनिवार को मैट्रिक की परीक्षा दे कर लौट रहे एक छात्र को अज्ञात व्यक्तियों ने चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल छात्र को इलाज के लिए मांझी सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार डोरीगंज थाना क्षेत्र के डुमरी अड्डा गांव का निवासी संतोष सिंह का पुत्र तथा मैट्रिक का छात्र सौरभ कुमार प्रथम पाली की परीक्षा देकर केन्द्र से वापस लौट रहा था। तभी मांझी चट्टी पर पहले से घात लगाए दो बाइक पर सवार चार की संख्या मे पहुंचे अज्ञात व्यक्तियों ने उसे मारपीट कर बाइक पर बैठा लिया पर जब छात्र सौरभ भागने की कोशिश की तो उसे घेर लिया तथा चाकू मारकर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया की चाकूबाजी की घटना सामने आई है। आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमे घायल छात्र का बयान दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल, सदर अस्पताल रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। पहली घटना बंगरा गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 227 (राम जानकी पथ) पर हुई, जहां ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान एकावना गांव निवासी स्व. बनारस राय के 60 वर्षीय पुत्र रामसकल राय के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। दूसरी घटना खजुरी गांव में हुई, जहां बाइक दुर्घटना में मंजय कुमार सिंह के 18 वर्षीय पुत्र सत्यम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने स्थिति नाजुक देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता को लेकर टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) पंकज कुमार ने की। बैठक में ÷सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम÷ के तहत चल रहे अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बीडीओ ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया कि घर-घर जाकर लक्षित आयुवर्ग के लोगों को दवा का सेवन कराएं तथा छूटे हुए व्यक्तियों की सूची तैयार कर पुनः संपर्क करें। उन्होंने यह भी कहा कि दवा सेवन को लेकर किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और आमजनों को दवा के फायदे के बारे में सही जानकारी दें। जिन क्षेत्रों में प्रगति धीमी है, वहां विशेष फोकस कर अभियान को गति देने का निर्देश दिया गया। अंत में सभी संबंधित कर्मियों से आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक में ÷सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम÷ के तहत चल रहे अभियान की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बीडीओ ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया कि घर-घर जाकर लक्षित आयुवर्ग के लोगों को दवा का सेवन कराएं तथा छूटे हुए व्यक्तियों की सूची तैयार कर पुनः संपर्क करें। उन्होंने यह भी कहा कि दवा सेवन को लेकर किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और आमजनों को दवा के फायदे के बारे में सही जानकारी दें। जिन क्षेत्रों में प्रगति धीमी है, वहां विशेष फोकस कर अभियान को गति देने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीसीएम लव कुश कुमार, कुमुद रंजन, मलेरिया अधिकारी नेसाब आलम समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। अंत में सभी संबंधित कर्मियों से आपसी समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने की अपील की गई।

## मशरक में वैगनआर कार में लदा शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर मशरक के मलमलिया रोड में एक मारूति वैगनआर 360 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ दो शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। मध निषेध थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई की गयी जिसमें कार में लदा 360 लीटर अंग्रेजी शराब पाया गया और दो गिरफ्तार किए गए, गिरफ्तार आरोपी समुद्र और सागर हैं जो हरियाणा राज्य के रोहतक के रहने वाले बताए गए।

# चौथी बार राजेश्वर सिंह बने एकमा प्रखंड जदयू अध्यक्ष,दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/एकमा(सारण)।** जदयू संगठनात्मक चुनाव के दौरान रसूलपुर स्थित जदयू के प्रधान कार्यालय पर प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश्वर सिंह को एक बार फिर सर्वसम्मति से एकमा प्रखंड जदयू अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वे लगातार चौथी बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं। विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह की देखरेख में जदयू के जिला महासचिव मनोज सिंह, चुनाव पर्यवेक्षक व निर्वाची पदाधिकारी सुनील सिंह की मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव प्रक्रिया में प्रस्तावक विकास कुमार रहे। दिशा-निर्देशों के अनुसार एकमा प्रखंड के सभी कार्यशील सदस्य सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया। संगठनात्मक चुनाव शांतिपूर्ण व पारदर्शी तरीके से पूरा हुआ। जदयू के जिला पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय नेताओं ने राजेश्वर सिंह को चौथी बार अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक संदेश बताया। वहीं राजेश्वर सिंह ने कहा कि वे संगठन को और मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक टीम तैयार करने तथा जनता से जुड़ने के लिए वह लगातार कार्य करते रहेंगे।चुनाव प्रक्रिया में मौजूद प्रमुख नेताओं में जितेंद्र सिंह, विनोद सिंह, गजेन्द्र सिंह, प्रखंड जदयू उपाध्यक्ष अभिषेक कुमार, जिला सचिव हसनैन अंसारी, अर्जुन सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष विश्वजीत



साह, विकास कुमार, विनय कुमार, धनमती देवी, मनोज पटेल, नन्हकू सिंह उर्फ शशिभूषण सिंह, शंकर सिंह, दीपक महतो, रोहित ओझा, मुन्ना पटेल, अरुण शर्मा, विनय मौर्या, उमेश सिंह, योगेंद्र प्रसाद सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे। श्री सिंह के चौथी बार प्रखंड जदयू अध्यक्ष निर्वाचित होने पर विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह, आरटीआई एक्टिविस्ट अर्जुन सिंह, शिक्षक नेता मंजीत तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। सभी ने कहा है कि उनके नेतृत्व में प्रखंड संगठन को और सक्रिय व मजबूत होने की उम्मीद जताई है।

## किशोरी से जबरदस्ती का आरोप, दुकानदार गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** डेरनी थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ जबरदस्ती का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव की एक किशोरी पास की दुकान पर सामान खरीदने गई थी। आरोप है कि दुकानदार ने उसे बहाने से दुकान के पीछे कमरे में बुलाया और दरवाजा बंद कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पहले उसके साथ अश्लील हरकत की और फिर जबरदस्ती करने की कोशिश की। इसी दौरान बाहर से लोगों की आहट सुनकर आरोपी घबरा गया और किशोरी को कमरे से बाहर निकाल दिया। घटना की भनक लगते ही आसपास के ग्रामीण जुट गए। स्थिति बिगड़ती देख किसी ने डायल 112 पर सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने आरोपी को भीड़ से सुरक्षित निकालकर हिरासत में ले लिया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल जांच की प्रक्रिया भी पूरी कराई जा रही है।

## आगामी 28 फरवरी को भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखण्ड के महम्मदपुर स्थित मेडौरी देवी खेल मैदान में आगामी 28 फरवरी को एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां अभी से ही शुरु कर दी गई है। यह आयोजन द्वारिका दुबे मेमोरियल चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा महम्मदपुर निवासी स्वर्गीय ध्रुपदेव दुबे की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर किया जा रहा है। आयोजनकर्ता और पटना में उपमुख्य डाकपाल के पद पर कार्यरत विनय कुमार दुबे ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल चार टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें भजौना नचाप पंचायत, महम्मदपुर पंचायत, बनपुरा पंचायत और ग्यासपुर पंचायत की टीमें शामिल हैं। इस अवसर पर राहुल दुबे, भैरों दुबे, श्यामू ओझा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## छापेमारी कर पुलिस ने दो अवैध शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने सारण-सिवान सीमा पर अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार सुबह 2~30 बजे ज्ञानीछपरा दहा नदी के तट पर छापेमारी कर पुलिस ने दो अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। इस अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग 100 लीटर तैयार देसी शराब बरामद की। मौके पर मौजूद 1000 लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को भी विनष्ट कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, शराब बनाने में उपयोग होने वाली भारी मात्रा में सामग्री भी जब्त की गई। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि महम्मदपुर ज्ञानीछपरा बांध के दक्षिण दहा नदी के तट पर बड़े पैमाने पर देसी शराब का निर्माण और बिक्री हो रही है। इसी सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए यह छापेमारी की गई। हालांकि, पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही शराब तस्कर मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष ने जानकारी दी कि फरार तस्करों को चिन्हित कर उनके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस अभियान में थानाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में महम्मदपुर पुलिस चौकीदार प्रभारी रामजी यादव, शुभम कुमार, चंदा कुमारी सहित अन्य पुलिस बल के जवान और दफादार-चौकीदार शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## मशरक में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने विभिन्न सरकारी विद्यालयों का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी आफताब आलम ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन योजना तथा साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में बीईओ ने शिक्षकों को नियमित रूप से समय पर विद्यालय पहुंचने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कक्षा में चल रहे पाठ्यक्रम की प्रगति की जानकारी ली तथा छात्रों से सीधे सवाल पूछकर उनकी शैक्षणिक स्थिति का आकलन किया। कुछ विद्यालयों में अभिलेख संधारण में कमी पाए जाने पर संबंधित प्रधानाध्यापकों को आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया गया। जहां व्यवस्था संतोषजनक मिली, वहां शिक्षकों की सराहना भी की गई। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके लिए नियमित निरीक्षण किया जा रहा है ताकि विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल सुदृढ़ बना रहे। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दें तथा विद्यालयों को आदर्श शिक्षण केंद्र बनाने में सहयोग करें।

## बक्सर में मामूली कहासुनी पर मारपीट

**बक्सर,एजेंसी।** बक्सर के सिमरी थानाक्षेत्र अंतर्गत काजीपुर नीलामी मोड़ के समीप सोमवार सुबह मामूली कहासुनी एक हिंसक झड़प में बदल गई। इस घटना में एक सरकारी शिक्षक और उनके भतीजे पर ट्रक चालक तथा ग्रामीणों ने हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, डुमरी निवासी नंदजी सिंह, जो पेशे से सरकारी शिक्षक हैं और अरियांव स्थित विद्यालय जा रहे थे, अपने भतीजे अभिषेक कुमार सिंह के साथ बाइक से निकले थे। अभिषेक को डुमरांव स्टेशन से पटना के लिए ट्रेन पकड़नी थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, काजीपुर नीलामी मोड़ के पास एक ट्रक चालक ने बाइक सवारों को ओवरटेक करते समय चकमा दे दिया, जिससे वे असंतुलित होते-होते बचे। शिक्षक नंदजी सिंह ने ट्रक चालक को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की नसीहत दी।

# नगरा में अनिल सिंह दूसरी बार बने प्रखंड अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के गोपालपुर में जनता दल यूनाइटेड का शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए चुनाव संपन्न हुआ.पार्टी के निर्देशानुसार आयोजित इस चुनाव में सर्वसम्मति से अनिल सिंह को निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष चुना गया.वे लगातार दूसरी बार इस पद पर निर्वाचित हुए हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया. चुनाव प्रक्रिया प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी मो. रेयाजुद्दीन एवं निर्वाची पर्यवेक्षक ई. प्रभाष शंकर की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से पूरी की गई. अधिकारियों ने बताया कि चुनाव पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हुआ.कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अनिल सिंह को बधाई देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और मजबूत होने की उम्मीद जताई. उन्होंने कहा कि अनुभव के आधार पर संगठन को नई दिशा मिलेगी और जनसमस्याओं के



समाधान में पार्टी की भूमिका और सक्रिय होगी.इस मौके पर रवि प्रकाश,कुसुम देवी, जयप्रकाश भारती, हरेंद्र सिंह, ललिता सिंह, गणेश साह, प्रमोद मांझी, अजीत तिवारी, धर्मेंद्र शर्मा, हरेंद्र महतो, चितरंजन सिंह, वसीम अकरम, सत्येंद्र सिंह, मदन प्रसाद, राजनरायन दास, सचिन कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.



# विद्यालयों को वितरित किया गया वाद्य यंत्र



**पढ़ाई के साथ बजेंगे संगीत पर धुन**

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड के मध्य एवं उच्च विद्यालयों को छात्रों में कला एवं संगीत के विकास के लिए वाद्य यंत्रों की उपलब्धता कराई जा रही है। सरकार की योजना के तहत सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों में वाद्य यंत्र वितरित किया जा रहा हैं। शनिवार को पूर्व तय वितरण कार्यक्रम के अनुसार पंचायतवार तरीके से सभी विद्यालय के प्रधान अथवा प्रतिनिधि को अलग अलग अंतराल पर वाद्य यंत्र वितरित किया गया। शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशन में ग्रामपंचायत भागलपुर, नौतन, हसनपुरा, नगर पंचायत, रामपुर, नरहपुर हथिसार, गौरा, रसूलपुर, अगहरा, बहुरापट्टी, माधोपुर, ओलहनपुर, भुआलपुर, मुबारकपुर, इसरौली, मिर्जापुर, तेजपुरवा, शिलहौरी, बरदहिया, सलीमापुर और आवारी अंतर्गत 56 मध्य विद्यालय एवं 23 उच्च विद्यालयों में वाद्य यंत्र दिया जाना है। बता दें कि सरकार सरकारी विद्यालयों में छात्रों पढ़ाई के साथ कला में संगीत धुन में भी निपुणता हासिल करना चाहती हैं। विद्यालय वाद्य यंत्रों का उपयोग चेतना सत्र के दौरान भी करेंगे। अब स्कूली बच्चे चेतना सत्र में वाद्य यंत्र की धुन पर प्रार्थना करेंगे।

## प्रसव पूर्व जांच में आई तेजी ; जोखिम भरी गर्भावस्थाओं को चिन्हित कर जीवन बचाने में जुटा स्वास्थ्य विभाग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी क्षेत्र में मातृ स्वास्थ्य की दिशा में एक अत्यंत उत्साहजनक और सकारात्मक तस्वीर उभरकर सामने आई है। अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 के बीच के हालिया आंकड़े इस बात की तस्दीक कर रहे हैं कि प्रखंड क्षेत्र का स्वास्थ्य तंत्र अब गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पहले से कहीं अधिक सजग और सक्रिय हो गया है। विशेष रूप से हाई रिस्क प्रेगनेंसी (एचआरपी) यानी उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की पहचान करने के मामले में प्रखंड के विभिन्न उपस्वास्थ्य केंद्रों ने जो तत्परता दिखाई है, वह मातृ मृत्यु दर को कम करने के संकल्प की ओर एक बड़ा मील का पत्थर साबित हो रही है।मशरक सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी सह स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कविता सिंह का मानना है कि जोखिम वाली गर्भावस्थाओं का समय रहते पता चलना ही सुरक्षित प्रसव की पहली और सबसे महत्वपूर्ण शर्त है। जब एक गर्भवती महिला में जोखिम के लक्षणों की पहचान प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के दौरान ही कर ली जाती है, तो चिकित्सा तंत्र को जटिलताओं के प्रबंधन के लिए पर्याप्त समय मिल जाता है। अप्रैल 2025 से जनवरी 2026 तक के आंकड़ों से यह स्पष्ट हो रहा है कि मशरक प्रखंड इस मुहिम में सबसे अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जहाँ 3 प्रतिशत की दर के साथ जोखिम वाली गर्भवतियों की पहचान की गई है। यह वृद्धि केवल कागजी आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह धरातल पर हो रहे उस बदलाव का संकेत है जहाँ एनीमिया, उच्च रक्तचाप और मधुमेह जैसी प्रसवकालीन चुनौतियों की अब घर-घर जाकर और स्वास्थ्य केंद्रों पर नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की सक्रियता का परिणाम जहाँ स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं की निरंतर सक्रियता के कारण शुरुआती चरणों में ही जोखिम को पकड़ने में सफलता मिली है। कि मशरक प्रखंड के हर कोने में सुरक्षित मातृत्व के संदेश को गंभीरता से लिया जा रहा है। यह सक्रियता दर्शाती है कि अब स्वास्थ्य प्रणाली केवल प्रसव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह गर्भावस्था के हर पड़ाव पर सूक्ष्म निगरानी रखने में सक्षम हो चुकी है।मातृ मृत्यु दर को कम करने में सहायक होगी यह रणनीति मातृ स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह विकास इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि जोखिम की पहचान होने के बाद रेफरल और %फॉलो-अप% की बेहतर सुविधाएं प्रदान करना आसान हो जाता है। इससे न केवल अस्पतालों में प्रसव की संख्या बढ़ रही है, बल्कि प्रसव के दौरान होने वाली अचानक जटिलताओं और अनहोनी की संभावना भी काफी हद तक कम हो गई है। शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हो रहा है।

## फलों के मूल्य संवर्धन विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी में ÷फलों के मूल्य संवर्धन÷ विषय पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को सम्पन्न हो गया।यह प्रशिक्षण ग्रामीण युवतियों में फलों के मूल्य संवर्धन के प्रति रुझान बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय ने सभी युवतियों को प्रशिक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद अपने क्षेत्र में इसे आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया। उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र चंदोला ने आंवले का मुरब्बा बनाने की पूरी विधि और उसमें उपयोग होने वाली सामग्री की जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को आंवले का मुरब्बा बनाना भी सिखाया। डॉ. सुषमा टम्टा ने मूल्य संवर्धन क्या होता है और इसके लाभों के बारे में बताया। उन्होंने सेब का जैम बनाने की पूरी विधि, आवश्यक सामग्री और प्रक्रिया को युवक एवं युवतियों के साथ साझा किया। डॉ. जीर विनायक और डॉ. विजय कुमार ने भी प्रशिक्षण में अपने संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त, सभी प्रशिक्षुओं को अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण के तहत ग्रबर और उन्नत किस्म के चारे के बीज भी दिए गए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सारण जिले के मांझी प्रखंड की कुल 33 युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी के अमितेश कुमार गौरव, मनोज कुमार, राकेश कुमार, उमाशंकर, अवनीश पांडेय तथा संतोष कुमार मौजूद रहे।

## गोपालगंज के अफसर अली उर्फ पप्पू की सिवान के बड़हरिया में हत्या,इलाके में सनसनी

**शव को अर्द्धनिर्मित मुर्गी फार्म में फेंका**

**परवेज अख्तर/सिवान।** सिवान के बड़हरिया थाना क्षेत्र के भलुई पनीसरा गांव स्थित चंवर में निर्माणाधीन मुर्गी फार्म से शनिवार की सुबह पुलिस ने गोपालगंज के थावे थाना क्षेत्र के पैठान पट्टी निवासी रफीक अहमद के पुत्र अफसर अली उर्फ पप्पू (32) का शव बरामद किया। अफसर की बदमाशों ने सिर के पिछले हिस्से में चाकू गोद कर हत्या कर दी थी और उसके शव को निर्माणाधीन मुर्गी फार्म में फेंक दिया था। शव मिलने की सूचना पर स्थानीय थाना सहित एसपी पूरन कुमार झा मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को सदर अस्पताल भिजवाया। घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर पुलिस ने अफसर के रिश्तेदार की स्कार्पियो को बरामद किया जिसे अफसर किराए पर सवारियों को ले जाने के लिए चलाता था। वहीं उसका मोबाइल भी पुलिस ने बरामद कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अफसर शुक्रवार को सवारियों को लेकर छपरा के खैरा गया था और वहां से वापसी कर शनिवार को अपने घर आ गया था। इसके बाद उसके मोबाइल पर किसी का काल आया और वह बातचीत कर घर से स्कार्पियो में सवार होकर निकल पड़ा। इसी बीच शनिवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे उसका शव निर्माणाधीन मुर्गी फार्म में मिलने की सूचना पुलिस को मिली। थानाध्यक्ष छोटन कुमार की सूचना पर पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा, एसडीपीओ अजय कुमार सिंह भी घटनास्थल पर पहुंच घटना की जांच की। थानाध्यक्ष की सूचना पर फारेंसिक टीम पहुंची। फारेंसिक टीम साक्ष्य एकत्रित कर अपने साथ ले गई। स्वजनों के अनुसार वह अगले कुछ दिनों में विदेश जाने वाला था। वहीं देर शाम तक पुलिस प्राथमिकी की प्रक्रिया में जुटी थी। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शव से थोड़ी दूरी पर स्कार्पियो बरामद हुई है जो मृत युवक के रिश्तेदार की है। घटना स्थल से मोबाइल बरामद किया गया है। मोबाइल का सीडीआर निकाला जा रहा है। किसके काल आने पर वह घर से निकला था, सभी पहलुओं पर जांच चल रही है।एसपी पूरन कुमार झा ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का नहीं पाया गया है।

## बिंदुसार हमीद में भव्य कलश यात्रा के साथ रूद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

**परवेज अख्तर/सिवान।** शहर के समीप बिंदुसार हमीद गांव में शनिवार को 51 सौ कलशधारियों के साथ भव्य कलश यात्रा के साथ गांव के शिव मंदिर परिसर में नौ दिवसीय प्रतिष्ठात्मक रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस महाज्ञय के मुख्य आचार्य दुर्गेश कुमार चौबे राजा बाबू हैं। ये कलश यात्रा शिव मंदिर बिंदुसार से रसूलपुर, आकोपुर पूरब टोला, पश्चिम टोला, हाकाम, ओरमा होते हुए बांसोपली में दाहा नदी में जल भरकर वापस शिव मंदिर पर आकर कलश यात्रा पूर्ण हुआ। कलश यात्रा में मुख्य यजमान शैलेंद्र पांडेय, रिधेश प्रसाद, राजीव पांडेय, धर्मेंद्र पांडेय, भोला पांडेय, प्रमोद, नरेश, रजनीश, गुड्डू, दुलु पांडेय के साथ हजारों महिला श्रद्धालु गंगाजल कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुई । ये यज्ञ नौ दिनों तक चलेगा जिसमें प्रतिदिन कथा पूजन, रामलीला एवं महाभंडारे का आयोजन होगा। वहीं महायज्ञ की पूर्णाहुति एक मार्च रविवार को की जाएगी। इस आयोजन में मनोरंजन के उद्देश्य से विशाल क्षेत्र में मेला भी लगाया गया है।

## पुलिस ने आमजन से अपील की है कि आपसी भाईचारा और सद्भाव बनाए रखें

**मारपीट के मामले में प्राथमिकी**

**महाराजगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार सोनारपट्टी में 19 फरवरी को दो पक्षों में हुई मारपीट मामले में शनिवार को पीड़ित ने थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़ित पसनौली निवासी मनीष कुमार सोनी ने थाना में आवेदन देकर विशाल कुमार सहित दो व्यक्ति पर दुकान में घुस कर गाली गलौज, मारपीट तथा दुकान में रखे करीब तीन लाख मूल्य के सोना, 2.5 केजी चांदी का सामान लूट लिए। साथ ही जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से सर पर हमला कर घायल कर दिया। थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शांतिपूर्ण रमजान और होली के लिए जिला पुलिस अलर्ट

**परवेज अख्तर/सिवान।** जिले में रमजान और होली पर्व के दौरान शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने सक्रिय कदम उठाए हैं। एसपी ने लकड़ीनवीगंज सहित विभिन्न थाना क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों, मस्जिदों तथा प्रमुख बाजारों का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरों की कार्यक्षमता और पुलिस गश्ती की प्रभावी समीक्षा की। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि रमजान के दौरान मस्जिदों के आसपास और होली के मौके पर बाजारों-ग्रामीण क्षेत्रों में गश्ती, भीड़ प्रबंधन तथा शांति व्यवस्था बनाए रखी जाय। विशेष रूप से ग्रामीण इलाकों में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं तस्करी पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हाल के अभियानों में पुलिस ने हजारों लीटर अवैध शराब बरामद की है, जिससे त्योहारों में शराब से जुड़े उपद्रवों को रोकने का प्रयास तेज हुआ है।

## एसपी ने प्रशिक्षणरत सिपाहियों के रैतिक परेड का किया निरीक्षण

**परवेज अख्तर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने शुक्रवार को प्रशिक्षणरत सिपाहियों के रैतिक परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दैनिक प्रशिक्षण सत्रों का अवलोकन किया। उन्होंने सिपाहियों के भोजन व आवास व्यवस्था के साथ ही अन्य सुविधाओं का भी बारीकी से जायजा लिया। इस क्रम में वे सबसे पहले परेड ग्राउंड में चल रहे आरक्षियों के शारीरिक प्रशिक्षण को देखा। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण की गुणवत्ता और उसमें शामिल किए जा रहे नए तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने जोर दिया कि बदलती चुनौतियों के मद्देनजर पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण उच्च स्तर का होना जरूरी है। जिससे वे लोगों की सुरक्षा के साथ ही विधि व्यवस्था को लेकर सदैव की मुस्तैद रह सके। इस संबंध में एसपी ने बताया कि मेरे द्वारा पुलिस केंद्र स्थित बुनियादी प्रशिक्षण केंद्र का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रशिक्षणरत सिपाहियों के परेड प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षु सिपाहियों के प्रशिक्षण के प्रति समर्पण की सराहना की गई तथा प्रदर्शन के दौरान पाई गई त्रुटियों के सुधार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन एवं प्रेरक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण उपरांत नवनियुक्त प्रशिक्षु सिपाहियों के लिए पुलिस केंद्र में संचालित वर्ग का एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र के दौरान संबंधित विषयों पर प्रश्नोत्तर के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया गया तथा पाई गई कमियों के सुधार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में 25 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 25 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 25 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में बीस, एनडीपीएस के कांड में तीन, हत्या के प्रयास की कांड में दो व अन्य कांड में एक गिरफ्तारी की गई। वहीं 133.2 लीटर देसी शराब व 83.16 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 40 वारंट व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 26 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। वहीं दो दो पहिया वाहन, 143 पुड़िया स्मैक, 4.5 किलोग्राम गांज अन्य सामान को बरामद किया गया।

## शत प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए टीम गठित

सिवान। जिले में निर्धारित राजस्व संग्रह लक्ष्य को शत प्रतिशत वसूली के लिए बिजली कंपनी ने टीम का गठन किया है। इसके लिए अवर प्रमंडल स्तर पर नोडल पदाधिकारी भी बनाए गए हैं। नोडल पदाधिकारी के अलावा 21 कार्यालय कर्मियों को भी फिल्ड में उतारा गया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता रोशन कुमार ने बताया कि कार्यालय अधीक्षक ओमप्रकाश श्रीवास्तव को सिवान शहरी व सिवान ग्रामीण का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। जबकि लेखा पदाधिकारी रजनीश मोहन को मैरवा अवर प्रमंडल व प्रशासी पदाधिकारी अमिताभ कुमार को रघुनाथपुर के नोडल पदाधिकारी की जिम्मेवारी सौंपी गई है। वहीं दूसरी ओर आईटी मैनेजर पंकज कुमार सिंह को सिवान ग्रामीण का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा सेक्शन स्तर पर टीम में 21 कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। टाउन-वन में विभूति कुमारी व सोनाली कुमारी, टाउन-टू में वंदना कुमारी व संदीप कुमार जबकि टाउन-तीन में अरविंद्र प्रियदर्शी व अनिल कुमार को राजस्व संग्रह के लिए भेजा गया है। गुठनी में मुजफ्फर हुसैन, दरौली में प्रियरंजन, मैरवा में पियुष सोनी व आरती चौधरी की ड्यूटी लगाई गई है। संदीप यादव को रघुनाथपुर, सुनील कुमार को चैनपुर व प्रशांत अस्थाना को हसनपुरा में तैनात किया गया है।

## राहुल गांधी का भाजयुमो ने किया पुतला दहन

**परवेज अख्तर/सिवान।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेतृत्व में शनिवार को शहर के जेपी चौक पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय एआई सम्मेलन के दौरान यूथ कांग्रेस द्वारा किए गए विरोध, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी तथा इस वैश्विक मंच पर भारत की छवि को धूमिल करने के प्रयास के विरोध में आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज भारत विश्व मंच पर तकनीक, नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआइ) के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान राजनीतिक विरोध के नाम पर देश की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाना दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। युवा मोर्चा के नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर नई पहचान बना रहा है, जिसे कमजोर करने का कोई भी प्रयास देशहित के खिलाफ है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ऐसे कृत्यों का कड़ा विरोध करता है और भविष्य में भी राष्ट्रहित के मुद्दों पर मजबूती से अपनी आवाज उठाता रहेगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राहुल तिवारी, जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, मुकेश सिंह कुशवाहा, सुभाष सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला महामंत्री विनय सोनी, मृत्युंजय राज, जिला उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, गोविंद बसु, चंचल सिंह आदि शामिल थे।

## शराबी गिरफ्तार ,भेजा गया न्यायालय

**सिसवन (सिवान)।** थाना पुलिस ने शराब पीने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई के बाद शनिवार को जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान ग्यासपुर निवासी तुफानी मियां के रूप में हुई है।

## सड़क दुर्घटना में पति की मौत, पत्नी घायल

**हुसैनगंज (सिवान)।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के दुदहां में सिवान-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर शुक्रवार की देर शाम हुई भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपती गिरकर घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक द्वारा पति को मृत घोषित कर दिया गया था जबकि उसकी पत्नी को उपचार कर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मृतक की पहचान हुसैनगंज थाना क्षेत्र के पकवलिया निवासी कमल राम के पुत्र रंजीत राम (30) के रूप में हुई है घायल उनकी पत्नी गुड़िया देवी हैं। स्वजनों ने बताया कि रंजीत अपने ससुराल रघुनाथपुर थाना के राजपुर से अपनी पत्नी गुड़िया देवी को बाइक से लेकर घर आ रहे थे तभी दुदहां गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया जबकि उनकी पत्नी गुड़िया देवी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा स्वजनों को सौंप दिया। वहीं रंजीत राम की मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। रंजीत का मां एवं पत्नी समेत अन्य स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। बताते हैं कि रंजीत राम की शादी आठ वर्ष पूर्व हुई थी, लेकिन उसका कोई संतान नहीं था। रंजीत तीन भाइयों एवं दो बहनों में सबसे बड़ा था। बहनों की शादी हो चुकी है, जबकि दो भाई अविवाहित है। वह टेंट हाउस में काम करके परिवार का खर्च चलाता था।

## समस्तीपुर में सास–बहू से मारपीट :सिर में गंभीर चोट 6 टांके लगे

**समस्तीपुर,एजेंसी।** समस्तीपुर में जमीन विवाद में सास-बहू के साथ मारपीट हुई है। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायलों की पहचान सास रजिया देवी(55) और बहू अनीता देवी(25) के तौर पर हुई है। इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना कर्पूरी ग्राम थाना क्षेत्र के सिंघिया खुर्द गांव की है। रजिया देवी के पुत्र विजय कुमार ने बताया कि पड़ोसी विकास कुमार ने करीब 20 साल मेरे हिस्से की चार धुर जमीन पर कब्जा कर रखा था। मुखिया उषा देवी और सरपंच पिंकी देवी की पहल पर पंचायत के माध्यम से यह जमीन वापस दिलाई गई थी। इसी बात से नाराज होकर अपने सहयोगियों के साथ घर में घुस गया। मां और पत्नी के साथ मारपीट की। इस दौरान महिलाओं के साथ छेड़खानी भी की गई है।पु पुलिस को दी गई जानकारी : सदर अस्पताल के डॉक्टर दशरथ कुमार सिंह ने बताया कि रजिया देवी के सिर में गंभीर चोट है। छह टांके लगाए गए हैं। दोनों घायलों की हालत स्थिर है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाने की पुलिस को दी गई है। बयान के आधार पर की जाएगी कार्रवाई : इस संबंध में नगर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिली है। पुलिस पदाधिकारी हरी लाल यादव को भेजा गया है। बयान लेने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

## मोतिहारी में 2.10 लाख कैश, गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मोतिहारी,एजेंसी।** मोतिहारी पुलिस ने सूखा नशा के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। फेनहारा थाना पुलिस ने एक तस्कर को 2 लाख 10 हजार रुपये नगद, 130 ग्राम गांजा, 60 पीस गोगो और भांग के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर की गई। फेनहारा थानाध्यक्ष रजनीश कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि चकनसीबा गांव में एक दुकानदार दुकान की आड़ में अवैध रूप से सूखा नशा का कारोबार कर रहा है। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया और चिन्हित स्थान पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने श्याम नंदन राय नामक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार कर लिया। कुल 26 पुड़िया गांजा जब्त किया : दुकान की तलाशी के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीला पदार्थ बरामद हुआ। पुलिस ने उजाला प्लास्टिक में पैक कुल 26 पुड़िया गांजा जब्त किया, जिसका कुल वजन लगभग 130 ग्राम है। इसके साथ ही गांजा मिश्रित 'गोगो' और उमंग भांग के गोले के 60 पीस भी रंगीन प्लास्टिक में पैक मिले।

## हर चीज़ के लिए एक बहार है,और कुरान की बहार रमजान का महीना है – मौलाना इमरान साहब

**परवेज अख्तर/सिवान।** महाराजगंज प्रखड के सोनवर्षा गांव स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया नईमिया के प्रिंसपल सह ऑल मदरसा युवा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना इमरान साहब ने रमजानुल मुबारक पर फजीलत बयान करते हुए कहा कि कहा कि माहे रमजान यह वह महीना है जिसमें पवित्र कुरान धरती के क्षितिज पर उतरना शुरू हुआ।जैसे धरती,बहार में मृत होने के बावजूद,जीवन की झिलमिलाहट से परिचित हो जाती है,वैसे ही,रमजान के महीने के आने पर, ईमान के पौधे दिलों में फिर से उगने लगते हैं जो सालों की अनदेखी के कारण मिट्टी में दबे हुए थे।उन्होंने कहा कि हर चीज़ के लिए एक बहार है,और कुरान की बहार रमजान का महीना है।उन्होंने जकात-उल-



फित्र पर विधिवत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक अनिवार्य दान है,जो ईद-उल-फित्र की नमाज से पहले दिया जाता है।रमजान के अंत में हर सक्षम मुसलमान पर फित्रा देना जरूरी होता है।यह दान अल्लाह का शुक्र अदा करने के लिए दिया जाता है,जिन्होंने रोजा रखने की ताकत, हिम्मत और सब्र दिया।फित्रा देने की परंपरा हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के समय से चली आ रही है।हर वह मुसलमान जिसके पास पर्याप्त आर्थिक साधन हैं,उस पर फित्रा देना जरूरी है।इसकी मात्रा रोजमर्रा के मुख्य खाद्य पदार्थों के आधार पर तय की जाती है और व्यक्ति की क्षमता के अनुसार होती है।उन्होंने कहा कि रमजान में रोजा-नमाज और कुरान पढ़ने के साथ जकात और फितरा देने का भी बहुत महत्व है।जकात इस्लाम के 5 स्तंभों में से एक है।

## 3.96 लाख रुपये की बिजली चोरी मामले में पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड के बड़रम गांव में विद्युत विभाग ने छापेमारी कर पांच लोगों को चोरी से बिजली जलाते पाया है। उन लोगों पर तीन लाख 96 हजार 584 रुपये की बिजली चोरी की प्राथमिकी कराई है। इस संदर्भ में हुसैनगंज विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय अभियंता इंद्रजीत सिंह ने 14 फरवरी को थाने में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि विशेष छापेमारी दल की जांच में पाया गया कि बड़रम निवासी निजामुद्दीन द्वारा 77978 रुपये,राजकुमार मांझी द्वारा 68010 रुपये, गायत्री देवी द्वारा 21626 रुपये, सुनरपति देवी द्वारा 137496 रुपये एवं कमाल महतो द्वारा 91474 रुपये की बिजली चोरी करने का दोषी पाया गया है। इनके द्वारा कंपनी को कुल 3,96,584 रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। इसमें कंपाउंड ब्याज नहीं जोड़ा गया है। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि सभी पांच आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## आरके रेसिडेंशियल स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

सिवान ः भगवानपुरहाट प्रखंड के मघड़ी स्थित राजें किशोरी रेसिडेंशियल स्कूल में वार्षिक खेलकूद दिवस 2025- 2026 आयोजित किया गया। इसमें नर्सरी से कक्षा नौ तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के नन्हें सितारों ने पेपर कप गेम, बाल पासिंग तथा स्पून एंड मार्बल रेस में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा एक से नौ तक के छात्रों ने 50 एवं 100 मीटर दौड़, रिले रेस, क्विक रिस्पांस गेम में जहां हिस्सा लिया वहीं लड़कियां भी कहीं से पीछे नहीं थी। कुछ खेल का आयोजन हाउस वाइज किया गया था, इसमें स्किपिंग, बैडमिंटन , रस्साकशी, स्लो साइक्लिंग एवं कबड्डी प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बैडमिंटन में विजेता विवेकानंद हाउस, कबड्डी व रस्साकशी में रामानुजन हाउस ने अपनी जीत दर्ज कराई। रस्साकशी का फाइनल मुकाबला अत्यंत रोमांचक रहा तथा परेड, पीटी ड्रिल की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधक अरुण कुमार सिंह ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया तो वहीं प्राचार्या डा. रीना तिवारी ने स्कूल के सालाना रिपोर्ट से नए पुराने अभिभावकों को परिचित कराया।

## चिकित्सकों के इलाज के बावजूद नहीं बच सकी हथिनी सुमन

**परवेज अख्तर/सिवान।** दारौंदा प्रखंड क्षेत्र के भीखाबांध छोटकी मठिया में शनिवार की सुबह उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब चार दिनों से जीवन और मौत से जूझ रही हथिनी 'सुमन' ने दम तोड़ दिया। सुमन दंशी मठिया गोपालगंज के महंत 108 सत्यदेव दास महाराज की प्रिय हथिनी थी।बताया जाता है कि भीखाबांध के महावत छोटन साईं करीब एक सप्ताह से हथिनी को भीखाबांध मठ परिसर में रखा हुआ था, इधर चार दिनों से सुमन की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उसकी हालत गंभीर होने पर मुजफ्फरपुर और पटना से पशु चिकित्सकों की टीम बुलाई गई। इसके साथ ही मथुरा (उत्तर प्रदेश) से भी विशेषज्ञ चिकित्सक पहुंचे थे। स्थानीय पशु चिकित्सक भी लगातार इलाज में जुटे रहे। दिन-रात चले उपचार के बावजूद शनिवार की सुबह हथिनी की मौत हो गई। मठाधीश सत्यदेव दास महाराज ने बताया कि सुमन की उम्र करीब 30 थी। आसपास के ग्रामीणों और बच्चों से उसका विशेष लगाव था। बच्चे अक्सर उसे बिस्किट और फल खिलाते थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुमन जब भी दारौंदा के भीखाबांध मठिया आती थी, तो उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती थी।

## कार से 450 लीटर शराब जब्त, तस्कर गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** होली पर्व को देखते हुए पुलिस का शराब तस्करोंध के विरुद्ध विशेष अभियान जारी है। इसके तहत शुक्रवार की रात थाना क्षेत्र में पुलिस ने 450.72 लीटर अवैध शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही शराब तस्करी में प्रयुक्त कार को भी जब्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर सिवान जिले के विभिन्न जगहों पर अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री- भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में मैरवा थाना क्षेत्र के परसिया में वाहन जांच के दौरान एक कार से 450.72 लीटर शराब बरामद की गई। कार सवार एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर उत्तर प्रदेश के देवरिया के बनकटा थाना क्षेत्र के किशोरी छापर निवासी विशाल प्रताप सिंह है। उसके विरुद्ध सारण के जनता बाजार थाना में कांड संख्या 245/24 धारा 30 ए के अंतर्गत प्राथमिकी है। एसपी ने कहा कि अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि शराब की तस्करी, अवैध निर्माण क्रय-विक्रय या सेवन से संबंधित कोई भी सूचना प्राप्त हो तो तत्काल में अपने नजदीकी थाना या पुलिस नियंत्रण कक्ष हेल्पलाइन नंबर 9031683607 पर सूचित करें।

# सीवान के गुठनी चेकपोस्ट पर 4295 लीटर शराब बरामद

**सीवान,एजेंसी।** बिहार में शराबबंदी लागू है, लेकिन इसके बावजूद तस्करों की गतिविधियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गुठनी चेक पोस्ट पर एक दस चक्का कंटेनर से भारी मात्रा में शराब बरामद की। टीम ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बरामद शराब की मात्रा 4295.160 लीटर बताई जा रही है, जिसकी बाजार कीमत लाखों में आंकी जा रही है। गुप्त सूचना पर लगा बड़ा खुलासा : उत्पाद विभाग को कुछ दिनों से जानकारी मिल रही थी कि उत्तर प्रदेश मार्ग से अवैध शराब की बड़ी खेप बिहार में प्रवेश करने वाली है। इसके बाद टीम ने गुठनी चेक पोस्ट पर विशेष अभियान चलाते हुए सभी बड़े वाहनों की जांच शुरू की। कंटेनर में छिपाकर लाई जा रही थी विदेशी शराब : तलाशी के दौरान कंटेनर के अंदर बड़े पैमाने पर विदेशी शराब की खेप छिपाई हुई मिली। अधिकारियों ने बताया कि शराब को इस तरह पैक किया गया था कि सामान्य जांच में पकड़ में न आए। पकड़े गए तस्कर की पहचान पशुपतिनाथ सहनी, निवासी–केरमा डीह, थाना कुरानी, जिला मुजफ्फरपुर–के रूप में हुई है। वह उसी कंटेनर का चालक भी था। उत्पाद सदर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अंकेश कुमार ने बताया कि



पूरे कंटेनर को सीज कर लिया गया है और बरामद शराब को जब्त कर कोषागार भेजा जा रहा है। अंबाला से लाई जा रही थी शराब : प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बड़ा खुलासा किया है। उसने बताया कि यह शराब अंबाला (हरियाणा) से लोड की गई थी और इसे सीवान के रास्ते बिहार के विभिन्न जिलों में सप्लाई करने की योजना थी। उत्पाद विभाग का मानना है कि इस खेप के पीछे संगठित नेटवर्क सक्रिय है, जो राज्य में बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी कर रहा है। अन्य तस्करों की तलाश में छापेमारी शुरू : उत्पाद विभाग ने आरोपी से आई जानकारी के आधार पर कई संभावित स्थानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि कई और लोग इस नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं और जल्द बड़ी कार्रवाई की उम्मीद है। विभाग का यह भी मानना है कि यूपी और हरियाणा से बिहार में अवैध ढंग से शराब भेजने के लिए लगातार नए तरीकों का इस्तेमाल किया जा रहा है।